रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

76] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 12, 2009/वैशाख 22, 1931
76] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 12, 2009/VAISAKHA 22, 1931

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय

अधिसूचना

चेन्नै, 11 मई, 2009

(अध्यादेश-शैक्षणिक विषयों का निर्धारण)

फा. सं. आईएमयू/ईसी/ई एक्स ई सी/2009.—निम्नलिखित सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है :—

अध्याय-I

अध्ययन और विभागों/केन्द्रों के विद्यालय

(धारा 2 एवं 25 के साथ पठित परिनियम 18 एवं 19)

1. विश्वविद्यालय में निम्नलिखित अध्ययन के विद्यालय होंगे %

(i) नौ अध्ययन विद्यालय

(ii) समुद्री शिक्षा विद्यालय

(iii) समुद्री प्रबंधन विद्यालय

(iv) समुद्री विधि विद्यालय

(v) नौशिल्प विद्यालय

समय-समय पर अन्य विद्यालय विनिर्दिष्ट किए जायेंगे ।

2. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार द्वारा जुड़ते संस्थानों को सूची में यथा तथा जोड़ा जाए ।

3. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार द्वारा दाखिल महाविद्यालय/संस्थान के कार्यपालक परिषद् और सम्बन्धन बोर्ड एवं विश्वविद्यालय मान्यता के पूर्व अनुमति के बिना किसी विषय या अध्ययन पद्धति से अनुदेश रद्द नहीं किया जा सकता जिसको मान्यता उसे प्राप्त है। [परिनियम 34(1)(V)]

4. (i) निम्नलिखित विभाग/केन्द्र नौ अध्ययन विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

अ) नौ-विज्ञान विभाग
आ) समुद्री विज्ञान विभाग

(ii) निम्नलिखित विभाग/केन्द्र समुद्री अध्ययन विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

अ) समुद्री अभियांत्रिकी विभाग
आ) पत्तन प्रबन्धन विभाग

(iii) निम्नलिखित विभाग/केन्द्र समुद्री प्रबन्धन विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

अ) सुप्रशासन विज्ञान विभाग

(vi) निम्नलिखित विभाग/केन्द्र समुद्री विधि विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

अ) समुद्री विधि विभाग

(v) निम्नलिखित विभाग/केन्द्र नौ शिल्प विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

अ) नौ शिल्प एवं पोत अभिकल्प/समय समय पर नए/प्रस्तुत विद्यालयों के अनुभाग/केन्द्र के समनुदिष्ट की सूचना दी जायेगी।

अध्याय – II विद्यालय बोर्ड

[परिनियम 18(2)]

1. प्रत्येक विद्यालय का बोर्ड होगा/प्रथम विद्यालय बोर्ड की सदस्यावधि की समाप्ति पर परिनियम 18(2) के तहत निम्न लिखित सदस्य विद्यालय बोर्ड में होंगे।

(i) विद्यालय के संकाय अध्यक्ष (पदेन)

(ii) विद्यालय के विभागाध्यक्ष (पदेन)

(iii) विद्यालय के सभी आचार्य

(iv) वरिष्ठता के आधार पर घूर्णन पद्धति द्वारा हर विभाग से एक सह आचार्य और एक सहायक आचार्य

(v) प्रत्येक विद्यालय बोर्ड से एक प्रतिनिधि, जिनका विद्यालय के साथ अंतःक्रिया हो, कुलपति द्वारा नामित किया जाय।

(vi) कुलपति द्वारा नामित विषय में विशेषज्ञ वरीयता प्राप्त शिक्षाविद, जिनकी संख्या दो से अधिक न हो।

(vii) शैक्षिक परिषद् द्वारा नामित विशेषज्ञ जिनकी संख्या पाँच से अधिक नहीं हो अथवा संबंधित विषय में विशेषज्ञता और जो विश्वविद्यालय के या किसी संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान के कर्मचारी नहीं हो।

2. पदेन को छोड़कर अन्य कर्मचारियों की पदावधि तीन सालों की होगी और वे पुनः नामांकन के पात्र भी होंगे।

3. विद्यालय के संकाय अध्यक्ष बोर्ड के सभापति होंगे और बोर्ड की बैठक का संयोजन करेंगे।

4. विद्यालय बोर्ड के कार्य होंगे :–

(अ) विद्यालय को निर्दिष्ट किए हुए विभागों में शिक्षण और अनुसंधान को सह ऑर्डिनेट करना।

(आ) ऐसी समिति का गठन करना जो शिक्षण और अनुसंधान के उस क्षेत्र में कार्य करते हों जिनकी सीमा विद्यालय के विभागों से बाहर है, गठन के साथ ही पर्यवेक्षण करना।

(इ) विभागों द्वारा सौंपे गए विभिन्न कार्यक्रम अनुसंधान उपाधियों सहित को अनुमोदित करना।

(ई) कार्य परिषद को पीएच.डी. और अन्य शोध उपाधियों के लिए शोध प्रबंध के मूल्यांकन हेतु परीक्षकों के नाम की सिफारिश करना।

(उ) विभाग/केन्द्रों से प्राप्त पद सृजन अथवा उन्मूलन के प्रस्ताव को शिक्षा परिषद को सिफारिश करना।

(ऊ) स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड के सुझावों को अभ्यर्थियों के अनुसंधान उपाधियों के संबंध में जिन्हें ऐसी उपाधियों के लिए उचित पाया गया हो, की सिफारिश शैक्षिक परिषद से करना

(ए) विद्यालय की सामान्य समय सारिणी बनाना।

(ऐ) विद्यालय के विद्यार्थियों के कल्याण के संबंध में किसी प्रस्ताव पर विचार एवं कार्य करना।

(ओ) शिक्षण और अनुसंधान की उन्नति की योजना पर विचार करने के लिए और इस संबंध में शैक्षिक परिषद् को प्रस्ताव का निवेदन करने के लिए।

(औ) अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा निर्धारित सभी कर्तव्यों का निर्वाहन करना और ऐसी सभी विषयों पर विचार करना जो कार्य परिषद, विद्या परिषद् अथवा कुलपति द्वारा उल्लेख किए गए हो।

(अं) संकाय अध्यक्ष, बोर्ड के किसी सदस्य या समिति को सामान्य या विशिष्ट शक्तियाँ कुलपति के निर्णय अनुसार प्रदान करना।

5. बोर्ड की बैठक साधारण अथवा विशेष हो सकती है। साधारण बैठक वर्ष में दो बार होगी जिसमें सैक्षणिक सत्र की पहली तिमाही में एक बैठक आयोजित की जाएगी।

6. विशेष बैठक का आयोजन संकाय अध्यक्ष निजी रूप से या कुलपति या एक पचौथी बोर्ड सदस्यों के लिखित निवेदन पर बुलाई जा सकती है।

7. बोर्ड की बैठक की गणपूर्ति कुल सदस्यता की एक तिहाई होगी।

8. बोर्ड की साधारण बैठक के लिए कम से कम निश्चित दिनांक से दस दिन पूर्व अथवा विशेष बैठक के लिए पाँच दिन पूर्व सूचना जारी की जाए।

9. इस संबंध में विनियम द्वारा निर्धारित नियम ही लागू होंगे।

अध्याय – III विभाग

धारा 2(j) के साथ पठि परिनियम 18(5)(C).

विभाग में:-

1. (a) परिनियम 18(5)(c)(v) से (iv) के अन्तर्गत गणना किए हुए सदस्यों के अतिरिक्त परिनियम 18 (5)(C)(V) के अंतर्गत निम्न सदस्य भी होंगे।

(i) कुलपति द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए नामित विश्वविद्यालय का एक शिक्षक जो कि विभाग या केन्द्र के संबद्ध विषय में विशेषज्ञ हो, लेकिन ऐसे शिक्षक दो से अधिक विभाग या केन्द्र के सदस्य न हो।

(ii) इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष दो छात्रों एक शोध छात्र और दूसरा स्नातकोत्तर छात्र को सदस्य के रूप में नामित कर सकते हैं।

2. विद्यालय के संकाय अध्यक्ष के सामान्य मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष निम्न कार्य करेंगे।

(a) विभाग/केन्द्र में शिक्षण और अनुसंधान के कार्य को संगठित करें।

(b) शिक्षण कार्य के आबंटन के अनुरूप विभाग/केन्द्र की समय सारणी बनायें।

(c) शिक्षकों के माध्यम से कक्षा एवं प्रयोशाला में अनुशासन रखें?

(d) विभाग/केन्द्र के शिक्षकों को प्रशासन की सही व्यवस्था बनाने के लिए काम समुनिर्देशित करें और विभाग/केन्द्र में शिक्षणेतर कर्मचारियों पर नियंत्रण के लिए कार्य समुनिर्देशित करें।

(e) संकाय अध्यक्ष, शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद् और कुलपति द्वारा निर्दिष्ट अन्य कार्यों का निर्वहन करें।

अध्याय – IV स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड

(परिनियम 19)

1. प्रत्येक विभाग के लिए स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड होंगे।

2. स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

(i) सम्बद्ध विभाग का विभागाध्यक्ष ही पदेन अध्यक्ष होगा, जैसा मामला हो।

(ii) विभाग के सभी आचार्य।

(iii) वरिष्ठता के आधार पर घूर्णन पद्धति द्वारा हर विभाग से एक सह आचार्य और एक सहायक आचार्य।

(iv) विद्यालय के भीतर ही अन्य विभागों से एक शिक्षक जिनका संबद्ध विभाग में सामान्य विषय ही हो।

(v) चार से अधिक शिक्षक संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान में स्नातकोत्तर स्तर पर न पढ़ायें, कुलपति द्वारा विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों को पारी से नामित किया जाए।

(vi) विद्यालय बोर्ड द्वारा विशेष ज्ञान रखने वाले संबद्ध विभाग और जो विश्वविद्यालय या किसी भी संबंधित महाविद्यालय/संस्थान के कर्मचारी जिनकी संख्या तीन से अधिक नहीं हो।

(vii) कुलपति के पूर्व अनुमोदन से अध्यक्ष को यह शक्ति प्रदान है कि वे किसी भी विशिष्ट बैठक में प्रेक्षक के रूप में विशेषज्ञ को सहयोजित करें।

3. अध्ययन बोर्ड के सदस्यों की कार्यावधि तीन वर्ष होगी और वे पुनः नियुक्ति के योग्य होंगे।

4. बोर्ड की शक्तियाँ एवं क्रिया इस प्रकार है --

(अ) अनुसंधान की विभिन्न उपाधियों और अनुसंधान उपाधियों की अन्य आवश्यकताओं के लिए विषयों का अनुमोदन करना;

(आ) विभाग या महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पेश किए गए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अध्ययन पाठ्यक्रमों की सिफारिश विद्यालय बोर्ड से करना;

(इ) विद्यालय बोर्ड को सिफारिश करना, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए परीक्षक की नियुक्ति अनुसंधान उपाधियों को, विश्वविद्यालय के प्रावधान और परीक्षा शासी विनियम के अनुरूप;

(ई) संबद्ध विभाग के आवेदन-पत्र पर विचार एवं सिफारिश, एम.फिल., पीएच.डी. तथा अन्य अनुसंधान कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त करने के लिए और साथ ही विद्यालय बोर्ड के अनुसंधान विद्वान के पर्यवेक्षक को नियुक्ति की सिफारिश करना।

(उ) विभाग के स्नातकोत्तर शिक्षण और अनुसंधान, संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान के सुधार हेतु कदम की सिफारिश विद्यालय बोर्ड से करना।

(ऊ) विद्यालय बोर्ड, शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद् और कुलपति द्वारा निर्धारित अन्य कार्य का निष्पादन।

5. बैठक का संयोजन बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे।

6. बोर्ड की बैठक की सूचना बैठक के निर्धारित दिनांक से 14 दिन पूर्व दी जानी चाहिए।

7. बोर्ड की बैठक की गणपूर्ति कुल सदस्यता की एक तिहाई होगी।

8. बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त बोर्ड के अध्यक्ष स्वयं रखेंगे।

9. इस संबंध में विनिमय द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

अध्याय – V स्नातक शिक्षण बोर्ड

परिनियम 19(1) और (4)

1. स्नातक स्तर के प्रत्येक विषय/विधा के लिए स्नातक शिक्षण बोर्ड होगा।

2. बोर्ड के गठन में कम से कम नौ सदस्य होंगे। बोर्ड का गठन निम्नलिखित ढंग से होगा।-

(i) विषय को पढ़ाने वाले विभागाध्यक्ष पदेन अध्यक्ष होंगे।

(ii) विभाग के आचार्य।

(iii) वरिष्ठता के आधार पर घूर्णन पद्धति द्वारा विभाग में एक सहायक आचार्य।

(iv) कुलपति द्वारा विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों के चारों से नामित किये जाने वाले संस्थान ने स्नातक स्तर पर पढ़ाने वाले छः से अधिक अध्यापकों की संख्या।

(v) विभागाध्यक्ष के परामर्श से कुलपति बाहर से दो विशेषज्ञ नामित करें।

यदि विश्वविद्यालय विभाग/विद्यालय में पढ़ाये न जाने वाले विषय/धारा हो तो स्नातक शिक्षण बोर्ड में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :--

(अ) संबद्ध विषय के प्राचार्य या विभागाध्यक्ष शिक्षण बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे, जैसा मामला हो।

(आ) कुलपति द्वारा छः से ज्यादा शिक्षकों को संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान में नामित नहीं किया जाना चाहिए साथ ही अन्य विभिन्न शिक्षण विभागों को देखते हुए।

(इ) कुलपति द्वारा तीन से अधिक विषय विशेषज्ञ को नामित नहीं किया जाना चाहिए।

3. स्नातक शिक्षण के बोर्ड के सदस्य की कार्यावधि दो वर्ष की होगी और पुनः नियुक्ति के भी पात्र होंगे।

4. बोर्ड की शक्तियाँ एवं क्रिया इस प्रकार है :--

(अ) विश्वविद्यालय परीक्षा विनियमन के नियम के अनुसार कार्य परिषद् को परीक्षक, प्रश्न पत्र बनाने वाले आदि में प्रयुक्त नाम की सिफारिश करना।

(आ) यथावश्यक पाठ्यपुस्तक की सिफारिश करना।

(इ) विशेषज्ञ जो बोर्ड के सदस्य नहीं हों उनसे यथावश्यक परामर्श करना।

(ई) विषय की पद्धति एवं परीक्षा के पाठ्यक्रम के बारे में शैक्षिक परिषद् को सिफारिश करना।

(उ) विद्यालय बोर्ड को सिफारिश करना, स्नातक पाठ्यक्रम और शिक्षण के विषय में स्तर में सुधार के लिए शैक्षिक परिषद् द्वारा आवश्यक कदम उठाना और इस संबंध में कार्य परिषद्, शैक्षिक परिषद् और संकाय के अध्यक्ष द्वारा निर्देशित कार्य पर विचार एवं रिपोर्ट करना।

कुलपति के पूर्व अनुमोदन से अध्यक्ष को यह शक्ति प्रदान है कि वे किसी भी विशिष्ट बैठक में प्रेक्षक के रूप में विशेषज्ञ को सहयोजित करें।

5. बोर्ड की बैठक का संयोजन बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे।

(i) बोर्ड की बैठक की सूचना बैठक के निर्धारित दिन से तीन सप्ताह पूर्व जारी किया जाए।

(ii) बोर्ड के चार सदस्य गणपूर्ति बनायेंगे।

(iii) बोर्ड के अध्यक्ष बैठक के कार्यवृत्त को रखेंगे।

(iv) इस संबंध में विनियम द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

अध्याय – VI अध्ययन के विद्यालय के संकाय अध्यक्ष

परिनियम 7(3)

1. विद्यालय के संकाय अध्यक्ष

(a) विभागाध्यक्ष के माध्यम से विद्यालय में शिक्षण और अनुसंधान कार्य का समन्वय और सामान्य रूप से पर्यवेक्षण करेंगे।

(b) विभागाध्यक्ष के माध्यम से कक्षाओं में अनुशासन बनाए।

(c) सत्र के कार्य और विद्यार्थियों की लेक्चर, ट्यूटोरियल या सेमिनार जहां भी निर्दिष्ट हो की उपस्थिति की जाँच का रिकार्ड रखें।

(d) शैक्षिक परिषद् द्वारा निर्देशित विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय परीक्षा की व्यवस्था करना।

(e) विद्यालय के बोर्ड की बैठकों में भाग लेकर संयोजन करना और बैठक का कार्यवृत्त रखना।

(f) शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद या कुलपति द्वारा निर्दिष्ट अन्य कार्यों को पूरा करना।

अध्याय – VII

विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से महाविद्यालय/संस्थान में भर्ती

[धारा 27 और 30(1)]

1. प्रावधान के अधिनियम और परिनियम तथा विश्वविद्यालय के अन्य नियमों के पूर्वाग्रह के बिना कोई भी विद्यार्थी स्नातक या स्नातकोत्तर शिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया जा सकता जब तक कि उन्होंने निर्धारित पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की हो।

2. विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में पाठ्यक्रम की अंतिम तिथि से पूर्व विद्यालय के संकाय अध्यक्ष तक पहुँच जाना चाहिए।

3. प्राप्त आवेदन पत्र को संकाय अध्यक्ष द्वारा विद्यालय/विभाग की प्रवेश समिति को कुलपति के आदेशानुसार अग्रेषित किया जायेगा।

4. प्रवेश की कार्यवाही प्रत्येक पाठ्यक्रम के संबंध में संबद्ध प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित क्रिया और सिफारिश की गई अभ्यर्थियों की सूची को कुलपति को अनुमोदन के लिए अग्रेषित किया जाए।

5. सारे प्रवेश प्रारम्भ में तदर्थ रूप से होंगे और कुलपति द्वारा निर्धारित समय सीमा के बाद तय किए जायेंगे। कोई भी अभ्यर्थी अधिकार के रूप में 'प्रवेश का दावा नहीं' कर सकता।

6. विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से महाविद्यालय/संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश।

7. भारत सरकार द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले विशेष निर्देश के अनुसार विदेशी नागरिकों का प्रवेश विनियमित किया जायेगा।

8. पीएच.डी. कार्यक्रम के विभिन्न विषयों/धाराओं में दोनों पार्ट-टाइम और फुलटाइम प्रवेश/नामांकन लिए जा सकते है जिनमें समय समय पर नियमित पीएच.डी. उपाधि के लिए बाह्य पंजीकरण और विवरण शामिल है।

अध्याय – VIII मेट्रिकुलेट्स का पंजीकरण

1. विश्वविद्यालय द्वारा मेट्रिकुलेट्स का रजिस्टर बनाया जाए जिनमें निम्नलिखित श्रेणी के व्यक्ति पंजीकृत हों।

(अ) विश्वविद्यालय के अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय दसवीं, बारहवीं, पूर्व-नामांकन उपाधि या अन्य परीक्षा जो इसके समतुल्य हो।

(आ) विश्वविद्यालय के अध्ययन पाठ्यक्रम में उपर्युक्त (a) के अलावा किसी प्रकार की उपाधि, सम्मान, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट धारक।

(ङ) (अ) या (आ) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के अलावा जिन्हें उपस्थिति प्रमाण-पत्र में छूट के साथ या बिना छूट के पहली बार विश्वविद्यालय को परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुज्ञा-प्राप्त हुई हो।

(इ) (अ), (आ) या (इ) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के अलावा जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हुआ हो।

अध्याय – IX छात्रों का प्रवास एवं स्थानांतरण

1. निम्नलिखित शर्तों के आधार पर यह महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य का निर्णय होगा जिसमें वे ऐसे छात्र को प्रवेश दे सकते हैं जिसने विश्वविद्यालय के क्षेत्र के अंतर्गत किसी अन्य महाविद्यालय में उपस्थिति दी हो और उसी शैक्षिक वर्ष में दूसरे महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश चाहता हो।

(i) विषय एवं शिक्षा माध्यम दोनों महाविद्यालय/संस्थान में समान हो।

(ii) संबद्ध अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए महाविद्यालय/संस्थान में रिक्ति हो।

(iii) इस प्रकार के जोड़े जाने वाली उपस्थिति का शुल्क छात्रों से लिया जाए।

(iv) संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए।

नोट :– उपस्थिति का जोड़ स्वीकार्य नहीं है यदि :

(अ) फाउंडेशन पाठ्यक्रम या कोर पाठ्यक्रम के वैकल्पिक विषय की भाषा में कोई बदलाव है।

(आ) यदि स्वीकृत संख्या से अधिक प्रवेश हो।

2. अन्य विश्वविद्यालय से स्थानांतरित छात्र जो विश्वविद्यालय की संबद्ध शाखा में प्रवेश चाहते हो, ध्यान दें कि,

(अ) पाठ्यक्रम का समतुल्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित है।

(आ) अंतित संस्था प्रमुख से प्रस्तुत करना, जिसने अंतिम पढाई किया हो।

(इ) अपने संस्थान प्रमुख से आवश्यक उपस्थिति एवं निर्धारित प्रगति को विश्वविद्यालय छोडने की तारीख तक प्राप्ति का प्रमाण-पत्र में अंकित करते हुए जारी करना।

(ई) प्रवेश के आवेदन पत्र के साथ ही मूल विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान निर्धारित परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के पर्याप्त वृत्त प्रस्तुत करने होंगे।

(उ) इस प्रकार के प्रवास के लिए विश्वविद्यालय को निर्धारित शुल्क का भुगतान करेंगे।

(ऊ) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित बाकी अध्ययन पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हो कर अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति संतोषजनक करना।

(ए) वे वर्गीकरण के पात्र होंगे लेकिन संबद्ध विश्वविद्यालय परीक्षा में किसी प्रकार की पदवी के नहीं।

अध्याय – X शिक्षा का माध्यम

धारा 30(1) (c)

1. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से महाविद्यालय/संस्थान में प्रविष्ट सभी पाठ्यक्रमों का शिक्षा माध्यम अंग्रेजी ही होगा।

अध्याय – XI छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान को देय शुल्क

धारा 30(1) (e)

1. छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान को देय शुल्क को समय समय पर कार्य परिषद् द्वारा संशोधन के साथ विभिन्न कार्यों के लिए अपेन्डिक्स I में दिया जाएगा।

2. (a) विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय ही सभी छात्र यहाँ तक कि एम.फिल./पीएच.डी. विद्वानों को भी पूरा शुल्क जमा करना होगा, और आनेवाले सेमिस्टर का शुल्क सेमिस्टर की प्रारंभ के दस दिनों के भीतर। परीक्षा शुल्क के संबंध में निर्धारित तिथि पर या पूर्व देय है।

3. शुल्क को नकद, मनी ऑर्डर या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से कुलपति, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के नाम पर जमा किया जाए या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी अन्य माध्यम से भी किया जा सकता है।

4. (1) यदि कोई छात्र समय पर शुल्क अदा नहीं करता तो देरी अदायगी इस प्रकार है :

(i) पहले दस दिनों के लिए रु. 5.00 प्रतिदिन

(ii) महीने के अंत तक रु. 10.00 प्रतिदिन उसके उपरांत

(2) संकाय अध्यक्ष की सिफारिश पर कुलपति या उनकी ओर से जिन्हें अधिकार प्राप्त हो, शुल्क की अदायगी में रियायत दे सकते हैं।

(3) अगले महीने के पहले दिन ही चूक करने वाले के नाम को विश्वविद्यालय की पंजी से हटा दिया जाएगा।

(4) जिस छात्र का नाम पंजी से हटा दिया गया हो वे विद्यालय/विभाग/केन्द्र के संकाय अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/संयोजक की सिफारिश पर शुल्क की पूरी रकम और अन्य बकाए के साथ पुनः प्रवेश शुल्क रु. 1000/- और विश्वविद्यालय उन्नति निधि के लिए रु. 500/- के साथ पुनः पंजीकृत हो सकते हैं।

(5) जब भी कोई छात्र अपना नाम वापस लेने का प्रस्ताव रखता है, तो उन्हें संबद्ध विभागाध्यक्ष/केन्द्र के माध्यम से अपना नाम वापस लेने की तिथि को आवेदन संकाय अध्यक्ष को देना है। यदि ऐसा करने में असफल होते है तो विश्वविद्यालय की पंजी में अधिकतम एक महीने तक नाम रहेगा या जिस महीने तक नाम रहेगा या जिस महीने तक का शुल्क अदा किया गया हो। उस अवधि के दौरान प्रयुक्त सभी शुल्क/प्रभार की अदायगी आवश्यक है।

5. नेत्रहीन छात्रों के लिए ट्यूशन शुल्क में छूट प्राप्त है।

6. (1) विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश के आधार पर एक समिति का गठन होगा जिसमें निःशुल्कता के प्रतिशत के अनुदान की सिफारिश निम्नलिखित होगी :

(i) *कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के एक संकाय अध्यक्ष को नामित करना -- अध्यक्ष*

(ii) कार्य परिषद द्वारा तीन विभागाध्यक्ष/केन्द्रों को नामित करना - सदस्यों

(iii) कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के तीन छात्रों को नामित करना - सदस्यों

(2) यदि निःशुल्कता के लिए आवेदन की संख्या प्रस्तुत संख्या से ज्यादा है तो उपखण्ड (1) में दी गई समिति आधी निःशुल्कता कुछ आवेदकों को देने की सिफारिश कर सकती है यह ध्यान में रखते हुए कि निःशुल्कता की कुल संख्या निर्धारित सीमा को पार न करे।

(3) शुल्क में रियायत हेतु आवेदन निर्धारित प्रपत्र में संबद्ध विद्यालय के संकाय अध्यक्ष को विभागाध्यक्ष/केन्द्र के माध्यम से 31 अगस्त के भीतर संकाय अध्यक्ष तक पेश हो जाना चाहिए जिसके बाद सामान्यतः इस पर कार्य नहीं होगा।

(4) प्रत्येक विद्यालय रजिस्ट्रार को आवेदन प्रेषित करेगा, जो आगे खण्ड 5(1) में दिए अनुसार समिति के सामने आवश्यक सिफारिश के लिए रखेंगे।

(5) छात्र की निःशुल्कता पर विचार करते समय इन प्रमुख बातों पर ध्यान दिया जायेगा :

(i) विद्यार्थी का शैक्षिक अभिलेख

(ii) उसका/उसकी वित्तीय दशा

(iii) अन्य कोई मद जिससे छात्र के या उनके परिवार की वित्तीय दशा का पता चलता है।

साधारणतः 30 सितम्बर तक छूट पानेवाले छात्रों की सूची दर्शा दी जायेगी।

(6) निशुल्क अनुदान जो प्रस्तुत या पिछले शैक्षिक वर्ष में प्राप्त है स्वयं ही अगले वर्ष में नवीकृत नहीं होगा; जरूरतमंद छात्रो को फिर से आवेदन प्राप्त नए आवेदनों के साथ जमा करना होगा।

(7) निशुल्कता का अनुदान छात्र के व्यवहार या अद्ययन में प्रगति के आधार पर यदि असंतोषजनक हो या वित्तीय सुधार जिससे रियायत की कोई आवश्यकता न हो तो ऐसी स्थिति में निःशुल्कता को रद्द किया जा सकता है।

(i) बकाया की कटौती के उपरांत छात्र के आवेदन पर विश्वविद्यालय छोड़ते समय प्रतिभूति जमा, पुस्तकालय प्रतिभूति राशि प्रतिदाय है।

(ii) यदि कोई छात्र प्रतिदाय की राशि का दावा, विश्वविद्यालय छोड़ने के एक वर्ष के अंदर नहीं करता/कर पाता है तो उस राशि को स्टूडेन्ट्स ऐड फंड में दान किया हुआ समझा जायेगा।

एक वर्ष का समय परीक्षा परिणाम की घोषणा की तिथि या विश्वविद्यालय के पंजी से नाम हटाया जाने की तिथि जो भी पहले हो।

(iii) सेमिस्टर के प्रारम्भ होने के बाद 45 दिनों के भीतर यदि कोई अभ्यर्थी विश्वविद्यालय छोड़ना चाहता है तो उसे पंजीकरण, मेट्रिकुलेशन, पहचान एवं विश्वविद्यालय उन्नति निधि की जमा राशि के अलावा अन्य सभी शुल्क का भुगतान हो जायेगा।

(iv) यदि नाम वापसी का आवेदन 45 दिनों के बाद प्राप्त होता है तो छात्र को केवल प्रतिभूति जमा राशि ही प्राप्त होगी।

(v) *यदि विश्वविद्यालय की संपत्ति पर छात्र द्वारा किसी प्रकार की हानि हुई तो उसे बकाया ट्यूशन शुल्क और जुर्माना, यदि कोई, के साथ* प्रतिभूति जमा में से काट लिया जाएगा।

(8) छात्रों को परीक्षा प्रवेश पत्र या परीक्षा में बैठने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि वे अपनी बकाया राशि, निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के साथ 'नो-ड्यू' प्रमाण पत्र जारी नहीं करेंगे।

अध्याय – **XII** छात्रवृत्तियाँ, अध्ययन-वृत्ति, अधिछात्रवृत्ति, पदकों, वृत्तिदान इत्यादि के पुरस्कार

धारा 5 **(XXVIII)**

1. सुयोग्य और सुपात्र छात्रों को अनुसंधान और अध्ययन में वित्तीय समस्या से जूझने से बचाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति, अध्येतावृत्ति, निःशुल्कता को सहायता केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैसे पदक एवं पुरस्कार भी प्रदान किए जायेंगे।

2. विश्वविद्यालय/संबद्ध महाविद्यालय के प्रत्येक विषय के लिए विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति नियोक्ति की जायेगी।

3. मेरिट के आधार पर प्रत्येक विषय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी जिसकी संख्या समय समय पर विश्वविद्यालय तय करेगा।

4. कुलपति द्वारा निर्धारित समिति विश्वविद्यालय स्तर पर सभी प्रकार की छात्रवृत्ति की देखरेख करेगा।

5. अनुसंधान या अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय में अध्येतावृत्ति की व्यवस्था कार्य समिति या अन्य निधि प्रदान करने वाली एजेन्सियों द्वारा समय समय पर अनुमोदन के अनुसार किया जाएगा।

6. सुयोग्य छात्रों को विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान में उनके विभिन्न विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर निष्पादन के लिए दिया जायेगा।

7. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार समय समय पर विन्यास प्रदान करने का अधिकार विश्वविद्यालय को प्राप्त है।

8. कुलपति द्वारा एक समिति का गठन किया जायेगा जो प्रत्येक विन्यास के कार्यान्वयन और उसकी देखरेख का कार्य करेगी।

9. विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए ऐसे विन्यास के बारे में कार्य परिषद् निगरानी रखेगा जिसके संबंध में समय समय पर विस्तृत मार्गदर्शन निर्धारित किये जायेंगे।

अध्याय – **XIII** छात्रों में अनुशासन

परिनियम 5 **(XXXV)** के साथ पठित परिनियम 32 व 33

1. विश्वविद्यालय के छात्रों के संबंध में अनुशासन और अनुशासन से संबंधित सभी कार्रवाई की शक्तियाँ कुलपति को प्रदान है।

2. महाविद्यालय या संस्थान के छात्रों में अनुशासन और अनुशासन संबंधी कार्रवाई की शक्तियाँ यदि विश्वविद्यालय द्वारा नहीं व्यवस्थित की जाती तो ये शक्तियाँ मामले के अनुसार प्राचार्य/संस्थान प्रमुख के हाथ में होंगी।

3. सभी अनुशासनिक कार्रवाई विश्वविद्यालय के छात्रों के संबंध में समय समय पर दिए गए अधिनियम और विनियम के अनुसार होगा।

4. विश्वविद्यालय परीक्षा के समय किसी प्रकार के अनुशासनहीन कार्य करने पर विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी उस छात्र पर किसी प्रकार का दंड दे सकता है क्योंकि संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान का अनुशासनिक क्षेत्राधिकार विश्वविद्यालय है।

5. छात्र के वे कार्य जो विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या संस्थान की गरिमा को घटाते हों वे सख्त अनुशासनिक कार्रवाई के पात्र है।

6. कुलपति द्वारा ऐसी अनुशासन समिति का गठन किया जाये जो समय समय पर कुलपति द्वारा प्रतिनिधित कार्यों का निष्पादन करें।

7. प्रधानाचार्य या संस्थान प्रमुख निम्नलिखित दंड प्रदान कर सकते है:

(i) निलंबन

(ii) निष्कासन

(iii) विनिष्कासन

(iv) महाविद्यालय/संबंधित संस्थान में अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश देने से इनकार।

(v) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय या संस्थान द्वारा अनुरक्षित छात्रावास में प्रवेश देने से इनकार।

(vi) निःशुल्कता या छात्रवृत्ति देने से इनकार

(vii) निर्दिष्ट दंड शुल्क आदेश अनुसार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्देशित राशि, मामले के अनुसार। साथ ही किसी भी प्रकार का दंड देने से पूर्व प्रधानाचार्य/संस्थान प्रमुख दंड की आवश्यकता को देखते हुए छात्र को भी अपना पक्ष सुनाने के लिए पूरा मौका दें।

(viii) छेड़छाड़ -- निषेध और दंड

1. इस अध्यादेश में छेड़छाड़ का अर्थ वरिष्ठ छात्रों की ऐसे व्यवहार से है जो वे कनिष्ठ या नवीन रूप से नामांकित छात्रों के साथ उन्हें अपने से छोटा या तुच्छ समझने की भावना से करते है जिसमें:

(a) किसी प्रकार का शारीरिक जोर या धमकी

(b) कन्या छात्राओं के मान-मर्यादा का हनन

(c) अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों की मान-मर्यादा का हनन

(d) छात्रों का हँसी मजाक उड़ाना उनके सम्मान को ठेस पहुँचाना

(e) अनुचित शब्दों का प्रयोग अशिष्ट मुद्राएँ और अभद्र व्यवहार।

2. किसी अकेले या गुट के साथ छेड़छाड़ करना पूरी तरह से अनुशासनहीनता है और इस अध्यादेश में सख्ती से लिया जायेगा।

3. छेड़छाड़ सख्त रूप से निषिद्ध है चाहे वह महाविद्यालय/विभाग या संस्थान परिसर में हो या भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय का कोई भी भाग जिसमें लोक यातायात भी शामिल है।

4. महाविद्यालय के प्रधानाचार्य या विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष या संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान के प्राधिकारी या विश्वविद्यालय छात्रावास के वार्डन छेड़छाड़ की सूचना प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई करें और उसकी रिपोर्ट कुलपति को भेजें।

5. उपर पैरा (4) में उल्लिखित प्राधिकारी छेड़छाड़ की घटना की जाँच करा कर उन छात्रों की पहिचान और घटना को प्रकृति सहित कुलपति को रिपोर्ट भेज सकता है।

6. यदि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य या संस्थान के विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय के प्राधिकारी या विश्वविद्यालय छात्रावास के प्राधिकारी किसी कारण वश लिखित रिपोर्ट से संतुष्ट हो तो जाँच की आवश्यकता नहीं है, तदनुसार कुलपति को सलाह दी जा सकती है।

7. यदि कुलपति जाँच नहीं करना चाहते तो प्रस्तुत तथ्य तथा घटनाक्रम के आधार पर निर्णय ले सकते है और उसे अंतिम माना जाएगा।

8. रिपोर्ट के खण्ड (4) या (5) या खण्ड (6) में संबंधित प्राधिकारी की खण्ड (1) में छेड़छाड़ की घटना की जानकारी के आधार पर कुलपति छात्र या छात्रों को निर्दिष्ट वर्षों के लिए निलंबित कर सकते हैं।

9. छेड़छाड़ के अन्य मामलों में कुलपति के निदेश अनुसार छात्र या छात्रों को निश्चित अवधि के लिए निलंबित, महाविद्यालय या विभागीय परीक्षा में एक या अधिक वर्षों के लिए रोक, या संबद्ध परीक्षा या परीक्षाओं के नतीजे को रद्द कर सकते हैं।

10. किसी मामले में यदि किसी छात्र को भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय की उपाधि प्राप्त है और वह इस अध्यादेश के परिनियम 15 के तहत दोषी पाया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा दी गई उपाधि को वापस लिया जा सकता है।

11. अध्यादेश के नाते किसी भी प्रकार का कार्य जो छेड़छाड़ की श्रेणी में हो उसे छेड़छाड़ ही करार दिया जाएगा।

12. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय प्रणाली के अंतर्गत आनेवाले सभी संस्थान जारी किए गए अध्यादेश का पालन करें और अध्यादेश के उचित कार्यान्वयन के लिए कुलपति को सहायता प्रदान करें।

अध्याय – XIV परीक्षाएँ

धारा 30 (g)

1. विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ, डॉक्टरेट परीक्षाओं को छोड़कर, नियमित छात्रों के लिए होगी अर्थात् वे छात्र जिन्होंने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान के विशेषाधिकार द्वारा निर्दिष्ट अवधि के अध्ययन पाठ्यक्रम को नियमित पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ा हो।

2. छात्र/छात्रा द्वारा निर्दिष्ट अवधि में नियमित पाठ्यक्रम का अध्ययन मान्य तभी होगा जब वे निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूर्ती करेंगे

(a) सभी अभ्यर्थी कम से कम 80% की उपस्थिति प्रत्येक सेमिस्टर/वर्ष जैसा मामला हो, में देना आवश्यक है। उपस्थिति को कार्य दिवस के आधार पर देखा जाएगा विषय के आधार पर नहीं।

(b) संबंद्ध महाविद्यालय/संस्थान और विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष को अधिकार प्रदान है कि वे 10 प्रतिशत तक की उपस्थिति की कमी को नकार सकते है यह मानकर की महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सामान्यतः 90/180 कार्यदिवस प्रत्येक सेमिस्टर/वर्ष में अवश्य चलता है। कमी को भरपायी के रूप में शुल्क महाविद्यालय/संस्थान के प्रधानाचार्य और विश्वविद्यालय के संकाय अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा लिया जा सकता है और उपरांत विश्वविद्यालय को लौटाया जाता है।

(c) सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रवेश लेने से पूर्व उपस्थिति प्रमाणपत्र, संतोषजनक व्यवहार प्रमाण पत्र, प्रगति प्रमाणपत्र विद्यालय के संकाय अध्यक्ष या महाविद्यालय संस्थान के प्रमुख से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

3. निजी अध्ययन, अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र और निर्धारित छूट शुल्क अदा करने के बाद निम्नलिखित अभ्यर्थी भी विश्वविद्यालय की परीक्षा देने योग्य है;

I. बोनाफाइड शिक्षक:

अभ्यर्थी जिन्होंने प्रस्तुत वर्ष को 31 जुलाई तक कम से कम तीन वर्ष तक पूर्ण कालीन शिक्षा के रूप में सेवा की हो--

(i) भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, चेन्नई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय

(ii) राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रारम्भिक या माध्यमिक या उच्च या हायर सेकेण्डरी या प्राच्य विद्यालय

या

(iii) कनिष्ठ तकनीकी विश्वविद्यालय या तकनीकी हायर सेकेण्डरी विद्यालय या पॉलिटेक्निक राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

(iv) विश्वविद्यालय क्षेत्र में स्थित विद्यालय और सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

या

(v) *विश्वविद्यालय क्षेत्र में स्थित विद्यालय और काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय* समुद्री विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थित।

II. बोनाफाइड लाइब्रेरियन:

बोनाफाइड लाइब्रेरियन जिनके पास प्रमाणपत्र या लाइब्रेरियनशिप में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा और उपर्युक्त (I) के अधीन मान्य विश्वविद्यालय या आई.एम.यू. का कोई परिसर।

III. डिफेन्स सर्विस पर्सोनल:

भारतीय सेना शिक्षण कोर में कार्यरत शिक्षक और सेना विभाग के कर्मचारी भारत संघ में कहीं भी कार्यरत लेकिन तीन वर्ष (36 महीने) से कम सेवा भारतीय सेना शिक्षण कोर या सेना विभाग में 31 जुलाई तक पात्रता होने पर आई.एम.यू. में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पात्र है।

4. आवेदन देने की विधि, प्रमाणपत्र/टेस्टिमोनियल को आवेदन-पत्र, छूट या परीक्षा शुल्क के साथ समय समय पर निर्धारित शर्तों के साथ भेजना।

5. परीक्षा देने हेतु आवेदन को शुल्क, टेस्टिमोनियल आदि के साथ निर्धारित अवधि तक पहुँच जाना चाहिए। ऐसा करने में असमर्थ होने पर परीक्षा में उपस्थित न होने पर परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

6. *अभ्यर्थी जिनका आवेदन स्वीकार हो गया है उन्हें प्रवेश-पत्र किया जाएगा। उपर उद्धृत प्रवेश पत्र की प्रस्तुति पर ही परीक्षा के लिए प्रवेश दिया जायेगा।*

7. परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्र अंग्रेजी में ही बनाए और उत्तर दिए जायेंगे।

8. विश्वविद्यालय की सीमा के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित विभिन्न केन्द्रों में परीक्षा कराई जायेंगी।

9. विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर विभिन्न परीक्षाओं की अनुसूची, परीक्षा की तारीख, परिणाम के प्रकाशन की तिथि की अधिसूचना दी जायेगी।

अध्याय – XV विश्वविद्यालय परीक्षाओं में छात्रों का अनुशासन

1. परीक्षा के मुख्य अधीक्षक का अनुशासनिक नियंत्रण

(a) परीक्षा के समय अभ्यर्थी, केन्द्र के मुख्य अधीक्षक के अनुशासनिक नियंत्राधीन होगा और आवश्यक निर्देश जारी किया जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी आदेश का उल्लंघन करे या पर्यवेक्षक कर्मचारी या केन्द्र के अन्वीक्षक के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करता पाया गया तो उस सत्र की परीक्षा से उसे निलंबित किया जायेगा।

(b) *मुख्य अधीक्षक तत्काल ही वस्तुस्थिति को पूरे विवरण के साथ परीक्षा नियंत्रण अधिकारी को दे जो इस विषय को परीक्षा अनुशासन समिति* तक पहुचायेंगे। यह समिति आवश्यकतानुसार कुलपति को सिफारिश करेंगे।

2. प्रतिदिन परीक्षा के प्रारंभ होने से पहले अन्वीक्षक सभी अभ्यर्थी से उनके मेज कुर्सी आदि की खोज के लिए कहेंगे और कागज, किताब या किसी प्रकार का संदर्भ आदि जो परीक्षा सभा में निषिद्ध है, को अन्वीक्षक को सौंप दिया जाना चाहिए। यदि कोई देरी से आये तो उसे चेतावनी दी जानी चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखा जाय की अभ्यर्थी के पास पहचान पत्र और प्रवेश पत्र अवश्य हो।

3. अनुचित माध्यम का प्रयोग:

अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के अनुचित माध्यम का प्रयोग न करें। निम्नलिखित को अनुचित माध्यम माना जायेगा।

(a) यदि परीक्षा के विषय से संबंधित किसी भी प्रकार की वस्तु पायी जाये।

(b) यदि प्राप्त वस्तु तथा पडोसी से नकल करते हुए पाया गया हो।

(c) उत्तर पुस्तिका की बदली करना।

(d) नकल करने हेतु अलग जगह पर बैठना

(e) अन्य अभ्यर्थियों की मदद करना

(f) पड़ोसी से परामर्श करना

(g) अन्य वस्तु या उत्तर पुस्तिका की फेरबदल करना

(h) किसी अन्य अभ्यर्थी की पंजीकृत संख्या को मुख्य उत्तर पुस्तिका पर लिखना

(i) पूर्व-लिखित उत्तर पुस्तिका को जोड़ना (मुख्य पृष्ठ या अतिरिक्त पृष्ठ)

(j) अन्वीक्षक को धमकी देना या तुच्छ व्यवहार करना, मुख्य अधीक्षक अथवा/या सभा अधीक्षक की रिपोर्ट अनुसार।

(k) परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निरीक्षक से सलाह लेना।

(l) वेष या व्यक्तिगत परिवर्तन के मामले।

(m) बड़ी संख्या में नकल करना

किसी या सभी परिक्षाओं के मामले में यदि अनुचित व्यवहार करता पाए तो कार्यकारी समिति परिलोप अधिनियम या आयोग की बैठक को घोषणा कर सकता है।

4. यदि कुलपति इस बात से संतुष्ट हो जाए कि बड़ी संख्या में नकल हो रही है या निश्चित केन्द्र (या केन्द्रों) में अवैध तरीका का बड़े पैमाने में इस्तेमाल हो रहा है तो वे संबंधित उम्मीदवारों की परिक्षा को रद्द कर सकता है और पुनः परिक्षा रखानों के आदेश जारी कर सकता है।

नोट : यदि प्रभारी निरीक्षक को यह लगेकि परिक्षा कक्ष में एक तिहाई या अधिक विद्यार्थी अवैध रूप से या नकल कर रहे हों तो अर्थ यह होगा कि यहाँ बड़े पैमाने पर नकल की जा रही है।

5. (a) परीक्षा केन्द्र के मुख्य अधीक्षक को बिना विलम्ब किये परीक्षा नियंत्रक को इसकी सूचना देनी चाहिए और हो सके तो उसी दिन, प्रत्येक सन्दिग्ध तथा प्रमाणित अवैध मामले जिस सन्दर्भ में सबूत मौजूद है या फिर उम्मीदवार बयान देने को तैयार हो, अन्य कोई, इस सन्दर्भ में उसे परीक्षा नियंत्रक तक पहुँचाया जाए।

(b) किसी भी उम्मीदवार को बयान देने के लिए बाध्य न किया जाए, हाँ यदि वह बयान देने से इनकार कर दे तो मुख्य अधीक्षक को अधिकार है की वह उसको रिकार्ड कर सकता है तथा उसे दो अन्य सर्वेक्षकों से घटना हेतु प्रमाणित करने हेतु हस्ताक्षर ले ले।

(c) किसी उम्मीदवार जो कि संदिग्ध या प्रमाणित हो उसे एक अलग उत्तर पत्रिका दी जाएगी जिसमें वह परीक्षा देगा। अनुचित रूप से इस्तेमाल की गई उत्तर पुस्तिका को मुख्य अधीक्षक द्वारा जब्द कर दी जाएगी; जिसे एक रिपोर्ट सहित परीक्षा नियंत्रक को अग्रप्रेषित किया जाएगा। यह उस उम्मीदवार के अन्य परीक्षाओं को प्रभावित नहीं करेगा।

(d) सभी अनुचित मामलों की जानकारी, मुख्य अधीक्षक, परीक्षक, पेपर-सेटर, मूल्यांकन कर्ता अनुसीमक, गणक या अन्य व्यक्ति जो विश्वविद्यालयी परीक्षा से सम्बंधित है, वह सम्बंधित समग्री सहित परीक्षा नियंत्रक के समक्ष प्रस्तुत हो।

6. परीक्षा विनियम समिति:

(a) सभी अभिकथित मामलों को जिन्हें अवैध माना गया है उन्हें निम्न समिति जिसे परीक्षा विनियम समिति कहा जाता है उसे सौंप दिया जाए, जिसकी नियुक्ति उप-कुलपति करते है।

(b) उस समिति में विश्व विद्यालय के 5 सदस्य होगे जो मुख्यतः अध्यापक तथा अधिकारी होगे।

(c) प्रत्येक सदस्य को दो साल तक की अवधि तक नियुक्त किया जाएगा तथा उसको पुनः नियुक्त भी किया जा सकता है।

(d) कुल तीन सदस्य (कोरम) का निर्माण करेगे।

(e) साधारणतः, समिति द्वारा लिये गये सभी निर्णय बहुमत पर आधारित होंगे। यदि समान मत हो तो उसे कुलपति ही निर्णीत करेगा और वहीं अन्तिम निर्णय होगा।

(f) परीक्षा विनियम समिति द्वारा लिये गये समस्त निर्णयों को कुलपति के समक्ष स्वीकृति हेतु रखा जाएगा।

(g) उम्मीदवार, विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के सन्दर्भ में एक महिने के अन्दर, अपने मामलों के अवलोकनार्थ कुलपति को लिखित रूप में दे सकता है। यदि कुलपति उसे प्रस्तुतीकरण से संतुष्ट हो तो वह उसे विचारणीय मानता है तो, परीक्षा विनियम समिति उस पर पुनः विचार करेगा।

7. परीक्षा विनियम समिति, अवैधानिक मामलों के लिए निम्नलिखित दण्ड की संस्वीकृति दे सकता है—

अवैध मामलों का प्रकार	दण्ड की परिसीमा
यदि उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा के (a) से (g) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(i) उस सत्र के विश्वविद्यालयी परीक्षा के लिए यदि उम्मीदवार द्वारा पंजीकरण किया गया हो तो उसे रद्द किए जाए।
यदि उम्मीदवार उस गलती को जैसा की 3(a) से (g) तक को दोबारा दोहराता है	(ii) उस उम्मीदवार द्वारा विश्वविद्यालय सत्तीय परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी विषयों को रद्द किया जाएँ और अगली सत्तीय परीक्षा से वंचित रखा जाए। (अर्थात् सभी

तो	*विश्वविद्यालयी परीक्षा से वंचित रखा गए)*
यदि तीसरी बार भी उम्मीदवार उस गलती को दोहराता है जैसा की 3(a) से (g) में प्रदर्शित है तो--	(iii) उस उम्मीदवार के विश्वविद्यालयी परीक्षा के उस सत्र के पंजीकृत सभी विषयों को रद्द कर दिया जाए और दो साल तक विश्वविद्यालयी परीक्षाओं हेतु पंजीकृत करने या हाजिर होने से वंचित रखा जाए।
यदि उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा (h) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(iv) विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए मात्र उस सेमस्टर के समस्त विषयों हेतु पंजीकरण करने से उम्मीदवार को रद्द किया जाए।
यदि उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा (i) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	*(v) विश्वविद्यालयी परीक्षाओं के उस सेसमस्टर के लिए पंजीकृत सभी विषयों को रद्द कर दिया जाए।*
यद उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा (j) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो-	(vi) उम्मीदवार द्वारा उस सत्र के विश्वविद्यालयी परीक्षाओं के लिए पंजीकृत समस्त विषयों को रद्द किया जाए या उसे दो साल तक विश्वविद्यालयी परिक्षाओं में पंजीकरण या उपस्थिति से वंचित रखा जाए।
यदि उम्मीदवार धारा 3 के उपधार (k) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(vii) उस सत्र में परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा पंजीकृत समस्त विषयों को रद्द कर दिया जाए।
यदि उम्मीदवार धारा 3 के उपधारा (l) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो	(viii) उस सत्र में उम्मीदवार द्वारा विश्वविद्यालयी परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी विषयों को रद्द कर दिया जाए और दो वर्ष तक उसे संत्रीय परीक्षाओं हेतु पंजीकरण बिना हाज़िर होने से वंचित रखा जाए। अपेक्षाकृत, यदि कोई बाहरी व्यक्ति सम्बंधित हो तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।
यदि उम्मीदवार धारा 3 के उपधारा (m) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो	(ix) (अ) एकक मात्र में : उस विद्यार्थी को सम्बंधित परीक्षा लिखने से रोका जाए। अधीक्षक तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्बंधित निरीक्षक को परीक्षा के कार्यों जैसे निरीक्षण, प्रश्नपत्र तैयार करने मूल्यांकन करने आदि कार्यों से अगले 6 संत्रीय परीक्षाओं में वंचित रखा जाए। केन्द्र में: उस केन्द्र में उम्मीदवार की परीक्षा को रद्द कर दिया जाए। अधीक्षक तथा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सम्बंधित व्यक्ति को परीक्षा से संबंधित कार्यों जैसे निरीक्षण, प्रश्न पत्र तैयार करने से तथा मूल्यांकन करने आदि कार्यों से अगले 7 सत्रीय परीक्षाओं में वंचित रखा जाए तथा उस परीक्षा केन्द्र को 2 वर्ष तक रद्द कर दिया जाए।

अध्याय – XVI परीक्षक

धारा 30 (g)

1. कार्यकारी समिति द्वारा परीक्षकों की नियुक्ति होगी और समय-समय पर कार्यकारी समिति द्वारा सुनिश्चित नियमों के आधार पर परीक्षकों का चयन या नियुक्ति होगी।
2. किसी भी समय पर कार्यकारी समिति परीक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर सकता है।
3. कार्यकारी समिति द्वारा परीक्षकों की नियुक्ति की निम्नलिखित श्रेणियाँ है।
   (i) प्रश्न पुस्तिका तैयार करने वाले परीक्षक
   (ii) वे परीक्षक जो उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करते है।
   (iii) उसके कर्तव्य निम्नलिखित है--
      (a) *मूल्यांकन कार्य का वितरण*
      (b) मूल्यांकन के मानक तैयार करना
      (c) उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन
      (d) प्रश्न पत्र तैयार करना तथा परिक्षा विशेष का संचालक करना
      (e) *परीक्षा के परिणामों की रिपोर्ट तैयार करना*
      (f) परीक्षकों के कार्यों का पर्यवेक्षण

(g) कार्यकारी समिति द्वारा ऐसे कुछ कार्य जिन्हें सौंपा गया हो।

4. परीक्षकों के मूलतः दो बोर्ड होंगे, पहला वह जो प्रश्न पत्रिका तैयार करना तथा उनका अनुसीमन करते है (प्रश्न पत्रिका तैयार करने वाला बोर्ड) दूसरा वह जो उत्तर पत्रिका का मूल्यांकन करते है तथा परिणामों का सारिणीकरण करते है। (मूल्यांकन बोर्ड)
   -- प्रत्येक बोर्ड का एक अध्यक्ष होगा।
   -- परीक्षक बोर्ड समेकित परिणामों को परीक्षा नियंत्रक के समक्ष अग्रप्रेषित करेगी।
   -- परीक्षा नियंत्रक उन समेकित परिणामों को परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

5. प्रश्न पत्र तैयार कर्ता साधारण तथा बाहरी लोग ही होते हैं तथा वे उन महाविद्यालयों/संस्थानों में भी कार्यरत नहीं है, उस विश्वविद्यालय से सम्बंधित है।
   प्रश्न पत्रिका तैयार करने वालों की नियुक्ति एक साल की अवधि के लिए होगी और वे पुनः नियुक्त हो सकने के लिए भी योग्य है।

6. साधारणतः निम्नलिखित व्यक्ति परीक्षक के रूप में नियुक्त होने योग्य है--
   (a) कम से कम चार साल तक किसी महाविद्यालय या संस्थान में सम्बंधित विषय में अध्यापन शिक्षण का अनुभव।
   (b) शिक्षक जिनके पास किसी महाविद्यालय या संस्थान में 7 साल का शिक्षण का अनुभव है और इससे पहले परीक्षा का कार्य से सम्बंधित न हो।
   (c) कार्यकारी समिति के सदस्य बशर्ते किसी मुख्य कारण के बजाय लिखित रूप में अपना मत दें परीक्षकों की नियुक्ति केवल एक साल तक की अवधि के लिए होगी और वे पुनः नियुक्ति हेतु भी योग्य हैं।

7. रजिस्ट्रार/परीक्षा नियंत्रक को प्रत्येक वर्ष प्रश्न-पत्र तैयार करने वाले तथा परीक्षकों की एक सूची तैयार करनी होगी जो पूर्ववर्ती रूप से पांच सालों तक उस विषय से संबंधित है।

8. धनराशी तथा अन्य भत्ते जो परीक्षकों और बोर्ड के अध्यक्षों को दी जाएगी। जिन्हे मूलतः धारा I के तहत नियुक्त किया गया है, उसे विश्वविद्यालय निर्धारित करेगी।

अध्याय – XVII परीक्षा समिति

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक परीक्षा समिति होगी।
2. इस समिति में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे--

(i)	कुलपति या उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	-- अध्यक्ष
(ii)	स्कूल के दो डीन, जिनकी नियुक्ति/चयन कुलपति करेंगे।	-- सदस्य
(iii)	उस विश्वविद्यालय से चुने हुए महाविद्यालय/संस्थान के प्रधानाचार्य, जो कुलपति द्वारा नामांकित हैं।	-- सदस्य
(iv)	शैक्षिक परिषद द्वारा दो व्यक्तियों को नियुक्त किया जाएगा	-- सदस्य
(v)	परीक्षा नियंत्रक	-- सदस्य सचिव (पदेन अधिकारी)

शैक्षिक परिषद द्वारा मनोनीत तथा नियुक्त सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा तथा वे पुनः मनोनयन/पुनः नियुक्ति के पात्र होंगे।
समिति समेकित परिणाम जिसे विभिन्न परीक्षकों के बोर्ड द्वारा अग्रेषित किया गया है पर विचार करेगी, उसका अनुमोदन करेगी तथा विश्वविद्यालय परीक्षा-परिणामों की घोषणा की व्यवस्था करेगी।
समिति को यह अधिकार होगा कि निर्धारित नियमों के अंतर्गत ग्रेस अंक उपयुक्त परिस्थिति में प्रदान कर सके।
समिति प्रति वर्ष शैक्षिक परिषद को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी जिसमें विश्वविद्यालय परीक्षाओं की कार्य प्रणाली का ब्यौरा तथा प्रभावी सुधार हेतु सुझाव होंगे।
समिति इन विद्यार्थियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का सुझाव दे सकती है जिन्होंने परीक्षा के दौरान गलत साधनों का उपयोग किया हो अथवा परीक्षा के नियमों का किसी भी तरह से उल्लंघन किया हो।
शैक्षिक परिषद द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का यह समिति निर्वाह करेगी।
यद्यपि परीक्षा समिति अपने किसी एक या समस्त शक्तियाँ जिनका ऊपर उल्लेख किया गया, को विश्व विद्यालय के लिए किसी अधिकारी को हस्तांतरित कर सकती है।

अध्याय – XVIII डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र तथा अन्य उपाधियाँ प्रदान करना

(वर्ग 5(vi), वर्ग 28(i) अधिनियम 30 के साथ पढ़ें)

1. विश्व विद्यालय द्वारा उन विद्यार्थियों को डिग्रियाँ, डिप्लोमा तथा अन्य शैक्षिक उपाधियाँ प्रदान की जाएगी जिन्हें शैक्षिक परिषद् द्वारा इस प्रकार की योग्यता के लिए प्रमाणित किया जाएगा।

2. शैक्षिक परिषद को संस्तुति तथा उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों के दो तिहाई बहुमत होने पर, कार्यकारी परिषद् द्वारा आगुंतकों को मानद उपाधि प्रदान करने का प्रस्ताव रखा जा सकता है।

यद्यपि आकस्मिक परिस्थितियों में कार्यकारी परिषद् स्वयं इस तरह के प्रस्ताव का निर्णय ले सकती है। निम्न मानद डिग्रीयाँ उन लोगों को जिस आधार पर दिया जाएगा वह है, उनके प्रतिष्ठित पद पर होने का कारण और उनकी उपलब्धियाँ अथवा शिक्षा अथवा समाज की उन्नति हेतु उनकी प्रभावी सेवाएँ अथवा उनका अधिगम प्रक्रिया में योगदान आदि, ऐसे व्यक्तियों को जो मानद डिग्रियाँ दी जा सकती है वे है--

डॉक्टर ऑफ लॉ (एल.एल.डी.)

डॉक्टर ऑफ लेटरस

डॉक्टर ऑफ साइंस (डी.एससी.)

3. मानद उपाधियाँ पदवीदान समारोह में समक्ष अथवा अनुपस्थिति में प्राप्त की जा सकती है।

अध्याय – XIX प्रदत्त डिग्रीयों हेतु पदवीदान

(अधिनियम 35)

1. कुलपति के पूर्व स्वीकृति पर, निश्चित तिथि एवं स्थान के आधार पर कुलपति द्वारा डिग्रियाँ प्रदान करने हेतु सामान्यतः वर्ष में एक बार आयोजित किया जाएगा।

2. मानद उपाधियाँ प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष पदवीदान समारोह का आयोजन कार्यकारी परिषद् के निर्णय के अनुसार भी किया जा सकता है।

3. दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय का प्रधान निकाय शामिल होगा।

4. कुलाधिपति उपाधियों को प्रदान करने के लिए विश्व-विद्यालय के दीक्षान्त समारोहों की, उपस्थित होने पर, अध्यक्षता करेंगे। कुलाधिपति की अनुपस्थिति में, कुलपति दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

5. दीक्षान्त समारोह की समस्त बैठकों की कम से कम चार सप्ताहों की पूर्व-सूचना पंजीकार द्वारा दी जाएगी।

6. पंजीकार, उसमें पालन को जानेवाली कार्य-विधि का एक कार्यक्रम नोटिस के साथ दीक्षान्त समारोह के प्रत्येक सदस्य को जारी कराएगा।

7. परीक्षार्थी प्रस्तुत वर्ष में अपनी-अपनी परीक्षाओं में जिन्होंने उत्तीर्ण की हो जिसके लिए दीक्षान्त समारोह सम्पन्न होनेवाला है, दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

उपबंधित है कि यह प्रथम दीक्षान्त समारोह के लिए लागू नहीं होगा जिसमें सारे पूर्व वर्षों के परीक्षार्थी भी अपनी-अपनी उपाधि के लिए प्रविष्ट किये जाएँगे।

उसका भी प्रावधान है कि एक अमुक वर्ष में दीक्षान्त समारोह सम्पन्न नहीं किया जा सकता हो, तो औपचारिक दीक्षान्त समारोह की प्रतीक्षा किये बिना किंतु निर्धारित शुल्क के भुगतान पर, अपनी-अपनी उपाधि प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थियों को अनुमति प्रदान करने में उपकुलपति सक्षम होंगे।

फिर भी उपाधि के ऐसे प्राप्तकर्ता जब दीक्षान्त समारोह सामान्यतः सम्पन्न होता है पंजी में हस्ताक्षर करेंगे जो कि उनसे अपेक्षित है। इसकी भी व्यवस्था है कि एक अमुक वर्ष में जब दीक्षान्त समारोह सम्पन्न नहीं होता हो, तो कुलपति उन सभी पात्र परीक्षार्थियों को जो अपनी-अपनी सनदें आगामी दीक्षान्त समारोह में प्राप्त कर लेना चाहते हों, तो निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उन्हें अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त कर लेने के लिए समारोह में उन्हें भाग लेने की अनुमति देने में सक्षम होंगे।

आगे यह भी उपबंधित है कि जब दीक्षान्त समारोह नियमित रूप से सम्पन्न किया जाता हो उसमें अनुपस्थित होते हुए भी पात्र परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क अदा करने के बाद अपनी उपाधि प्राप्त कर सकता है।

8. दीक्षान्त समारोह में व्यक्तिगत रूप से जो परीक्षार्थी अपनी उपाधि प्राप्त कर लेना चाहता हो, तो निर्धारित शुल्क के साथ, उसके प्रयोजन के लिए नियत तिथि या उससे पूर्व भी उस परीक्षार्थी को अपना आवेदन पंजीकार के पास प्रस्तुत कर देना चाहिए।

9. एक दीक्षान्त समारोह में जो परीक्षार्थी स्वयं उपस्थित नहीं हो पाते हों वे कुलाधिपति द्वारा अथवा उनकी अनुपस्थिति में कुलपति द्वारा उनकी अनुपस्थिति में उनकी उपाधि प्रदान करा सकेंगे तथा उनके डिप्लोमा निर्धारित शुल्क के भुगतान एवं आवेदन पर पंजीकार द्वारा प्रदान कराये जाएँगे।

10. समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधि प्राप्त कर लेने के लिए शुल्क यथा निर्धारित किया जाएगा।

11. सम्माननीय उपाधि केवल दीक्षान्त समारोह में ही प्रदान की जाएगी और उसे व्यक्तिगत रूप से अथवा उसमें अपनी अनुपस्थिति में प्राप्त किया जा सकता है।

12. दीक्षान्त समारोह में जिन व्यक्तियों को सम्माननीय उपाधियाँ प्रदान की जानेवाली हों उन व्यक्तियों की प्रस्तुती कुलपति अथवा उनके नामित द्वारा की जाएगी;

13. दीक्षान्त समारोह में अपनी-अपनी उपाधि के लिए कार्यकारी आदेशों द्वारा यथा निर्धारित उचित पोशाक-गाऊनों और हुडों को परीक्षार्थी पहन लेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित उपयुक्त शैक्षणिक पोशाक में नहीं रहनेवाले/रहनेवाली परीक्षार्थी को दीक्षान्त समारोह में प्रविष्ट होने नहीं दिया जाएगा।

14. दीक्षान्त में उपाधियों को प्रदान करने के लिए, उनको अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त कर लेने के लिए कुलपति या उनकी अनुपस्थिति में कुलपति से निम्नप्रकार से परीक्षार्थी लोग परिचित कराये जाएँगे :

क्रमशः स्नातक, स्नातकोत्तर विभागों के प्रधान अपने-अपने छात्र-छात्राओं का परिचय कराएँगे। सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं के प्रिंसिपल लोग जो कि कुलपति द्वारा इस प्रयोजन हेतु नामित हैं, विभिन्न सनदों के लिए अपने-अपने छात्र-छात्राओं को परिचित कराएँगे।
पंजीकार अथवा कुलपति द्वारा नामित व्यक्ति द्वारा पदकों और पुरस्कारों को प्राप्त करनेवालों के नाम पढ़े जाएँगे।
पंजीकार अथवा इस प्रयोजन हेतु नियुक्त व्यक्ति अपनी अनुपस्थिति में अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त करनेवाले परीक्षार्थियों का परिचय देंगे।
दीक्षान्त समारोह के सम्पन्न हो जाने के उपरान्त कुलपति द्वारा यथा निर्धारित तरीके से परीक्षार्थियों को उनके उपाधि-प्रमाण-पत्र संवितरित कराये जाएँगे।

15. कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, कुलपति, निदेशक, पंजीकार, वित्त अधिकारी, परीक्षाओं के नियंत्रक, विद्यालयों के प्रधान, विभागाध्यक्ष तथा विश्व-विद्यालय प्राधिकारों के सदस्य विश्व-विद्यालय द्वारा निर्धारित विशेष रोबों को पहनेंगे और कार्यकारी आदेशों द्वारा दीक्षान्त-समारोह के संचालन के लिए अगली क्रिया-विधि विनिर्दिष्ट कराये जाएँगे।

16. भारतीय संघ के कोई मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, संघशासित प्रदेशों के मंत्री, लोक सभा/राज्य विधानों/संघशासित प्रदेशों के विधानों के अध्यक्ष, जब भी दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होनेवाले हों, उनके व्यक्तिगत मामलों में कुलपति द्वारा यथानिश्चित, उनके ओहदे के अनुरूप उन्हें विशेष रोबें प्रदान करायी जाएँगी, तथा विश्वविद्यालय के दूसरे प्राधिकारों/अधिकारियों के समान अपनी-अपनी शैक्षणिक रोबों को पहनते हुए वे दीक्षान्त-समारोह में विराजमान होंगे।

अध्याय – XX विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं दूसरे शैक्षणिक कर्मचारी वृंद की सेवाओं के वर्गीकरण, उपलब्धियाँ, योग्यताएँ और अन्यशर्तें

(संविधि 26 सहित धारा 28(घ) व (ङ) पठित)

लघुशीर्ष, विस्तार एवं प्रारम्भ

1. ये भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की सेवाओं की शर्तें कही जाएँगी।

(a) दि.14 नवम्बर, 2008 के भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय की धारा 2 (इजड़ बी) में यथा पारिभाषित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों के लिए ये अध्यादेश लागू होंगे।

(b) ये अध्यादेश इस विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए भी लागू होंगे। स्पष्टीकरण : शैक्षणिक कर्मचारी शब्द अपने सन्दर्भ के विपरीत हो जाने तक, विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी को शामिल कर लेगा जिससे विश्व-विद्यालय के विभागों, केन्द्रों, विद्यालयों और विश्वविद्यालय द्वारा संरक्षित अथवा सम्बद्ध अन्य संस्थाओं में प्रतिभाग लेने की अपेक्षा की जाती है।

(c) ये अध्यादेश जहाजरानी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के जहाजरानी विभाग द्वारा अनुमोदन की तिथि से लागू समझे जाएँगे।
उपबंधित है कि वेतन-मानों एवं भत्तों संबंधी अनुभाग/धारा ऐसे मदों के संबंध में ऐसी तिथियों पर लागू होगा जब भारत सरकार ने अधिसूचित करा दिया अथवा विश्वविद्यालय अधिसूचित करेगा।

आगे इसका भी प्रावधान है कि पहले ही सेवारत किसी शिक्षक की किसी शर्त को इन अध्यादेशों में कुछ भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं समझे जाएँगे।

2. वेतन-मान
शिक्षकों के विभिन्न वर्गों के वेतन-मान भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित वेतन-मानों के अनुरूप होंगे।

3. भर्ती और योग्यताएँ

(a) शिक्षण-पदों की समस्त नियुक्तियाँ संविधि 21(1) व (2) के अधीन विधिवत् गठित प्रवर समिति द्वारा अखिल भारतीय विज्ञापन द्वारा मेरिट के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा अथवा उसमें यथा उपबन्धित पदोन्नतियों द्वारा होंगी।
उपबंधित है कि जब कभी साक्षात्कार के लिए इन वर्गों के किसी में से व्यक्ति आते/आती हों, तो एस.सी./एस.टी. स्त्रियों और विकलांग व्यक्तियों का/की एक प्रतिनिधि शामिल कर लिये/ली जाएंगे/जाएँगी।

(b) लेकचररों, वरिष्ठ लेकचररों, सहायक प्रोफ़ेसरों, सह प्रोफ़ेसरों और प्रोफ़ेसर के पदों तथा पुस्तकालय, शारीरिक-व्यायाम शिक्षा में दूसरे समकक्ष पदों के लिए न्यूनतम योग्यताएँ समय-समय पर विश्व-विद्यालय द्वारा निर्धारित की जाएँगी तथा इस संबंध में आई.एम.यू. द्वारा जारी प्रत्येक आदेश अथवा स्पष्टीकरण जो भी हो इन अध्यादेशों का भाग समझा जाएगा और ऐसे आदेश में विनिर्दिष्ट तिथि से लागू होगा।

4 अनुसंधान की उपाधियों के लिए पुरस्कार:

(a) लेकचररों के रूप में नियुक्ति के समय पर उन लोगों के लिए जिनके पास क्रमशः पीएच.डी. और एम.फिल डिग्रियाँ हैं दो वेतन-वृद्धियाँ ग्राह्य होंगी। प्रस्तुत धारा के प्रयोजन हेतु, पीएच.डी. के लिए डी.लिट., व डी.एससी., समकक्ष और एम.फिल. केलिए एम.लिट. समकक्ष समझे जाएँगे।

(b) वे शिक्षक जो कि एम.फ़िल. के साथ नियुक्त हैं और नियुक्ति के दो वर्षों के भीतर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें एक वेतन-वृद्धि मंजूर की जाएगी।

(c) सहायक प्रोफ़ेसर अथवा एक प्रवर श्रेणी लेकचरर के रूप में जब पदोन्नत होते हैं पीएच.डी. के साथ का एक लेकचरर दो अग्रिम वेतन-वृद्धियों के लिए पात्र होगा।

5. भूतपूर्व सेवा की गणना

(a) एक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, राष्ट्रीय प्रयोगशाला, अथवा सीएसआईआर, आईसीएआर, डीआरडीओ, यू.जी.सी., आई.सी.एस.एस.आर, आई.सी.एच.आर. जैसे किसी वैज्ञानिक/अनुसंधान संगठन में एक लेक्चरर या समकक्ष के रूप में और यूजीसी अनुसंधान वैज्ञानिक के रूप में किसी भी ब्रेक के बिना की भूतपूर्व सेवा अगली उच्चतर श्रेणी में पदोन्नति के लिए गिनी जाएगी बशर्ते कि (i) ऐसी सेवा ऐसे एक पद में दी हुई हो जिसका समय-मान लेक्चरर का समकक्ष हुआ हो, (ii) उस पद के लिए योग्यताएँ, यूजीसी द्वारा लेक्चररों के लिए निर्धारित से कम न हों, (iii) आवेदक का आवेदन विधिवत् भेजा गया हो (iv) यूजीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यताएँ आवेदक के पास विद्यमान हों; (v) उस संबंध में यूजीसी द्वारा निर्धारित कार्य-विधि के अनुरूप पद भरागया हो और (vi) एक वर्ष की अवधि से कम समय की एक छुट्टी रिक्ति अथवा नियुक्ति तदर्थ की नहीं रही हो;

इसका प्रावधान है कि यदि ऐसी तदर्थ सेवा एक वर्ष से अधिक अवधि की रही हो और एक विधिवत् गठित प्रवर समिति की सिफारिश पर यदि पदस्थ नियुक्त किया गया हो और अगर तदर्थ सेवा की निरन्तरता में सेवा में बिना किसी ब्रेक के पदधारी स्थाई पद के लिए घ्यानित किया गया हो, तो उसकी तदर्थ सेवा को गिनती में लिया जा सकता है।

6. परिवीक्षा एवं पुष्टि:

(a) प्रत्येक शिक्षक परिवीक्षा पर 24 महीनों की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। जिसे जहां कहीं आवश्यक हो कार्यकारी परिषद् द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

इसकी व्यवस्था है कि उसकी परिवीक्षा-अवधि समाप्त होने की तिथि से कम से कम 40 दिन पूर्व प्रत्येक शिक्षक का मामला कार्यकारी परिषद के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा तथा संबंधित शिक्षक को उसकी परिवीक्षावधि से पूर्व 30 दिन बाद को नहीं कार्यकारी परिषद के निर्णय से अवगत करा दिया जाएगा।

